तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार, 7 जुलाई 2024



05 अनुशासन स्काउट गाइड की रीढ़ है, लक्ष्य हासिल...



06 रोज स्कूल आएं, पढ़ाई ऐसी करें कि टॉप टेन में...



प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

## खबर संक्षेप

### जमीन नापने गए राजस्व निरीक्षक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** जमीन की नापजोख करने के दौरान राजस्व निरीक्षक को एक व्यक्ति ने थप्पड़ मार दिया। ग्राम भुरकोनी में हुई इस घटना के बाद प्रार्थी राजस्व निरीक्षक ने तेंदूकोना थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत की है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी मुकेश कुमार साहू पिता मोहन लाल साहू निवासी ग्राम सोनपुर थाना राजादेवरी जिला बलौदाबाजार हाल मुकाम वार्ड नं 3 इमली भाठा महासमुंद ने रिपोर्ट लिखाई है कि मैं वर्तमान में तहसील कार्यालय पिथौरा अंतर्गत रानिमं भुरकोनी में राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ हूं। प्रार्थी ने बताया कि आवेदक संजीव कुमार के नाम पर ग्राम भुरकोनी में स्थित भूमि के सीमांकन आवेदन पर तहसीलदार पिथौरा के आदेश क्र/1047/क/वा/तह./2024 दिनांक 12/06/2024 के परिपालन में सूचना के बाद 4 जुलाई को आवेदित भूमि ख. नं. 844/1 रकबा 0.12 हे. के सीमांकन हेतु हल्का पटवारी अंगद भोई व ग्राम कोटवार दयालाल तांडी के साथ माप कर रहा था।

अर्ध नग्न हालत में घायल रेंजर एवं वन कर्मचारी वनोपज प्रबंधक के घर पहुंच लिया सहयोग

# जंगल में अतिक्रमण रोकने गए रेंजर समेत 3 कर्मियों के कपड़े उतारकर लाठी से पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जंगल में अतिक्रम रोकने गए रेंजर समेत 3 वन कर्मियो के कपड़े उतार कर अतिक्रमणकारियों ने लाठी व डंडे से बेदम पिटाई कर दी है। अर्धनग्ध हालत में एक वन कर्मी के घर पहुंच मदद मांगी। मैंनपुर में प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर घायल अवस्था को देख सभी को गरियाबंद रेफर करने की तैयारी की जा रही है।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के बफर जोन के तौरेंगा वन परिक्षेत्र में शनिवार को वन परिक्षेत्र अधिकारी राकेश परिहार अपने शासकीय वाहन से कर्मी पिताम्बर डोंगरे के साथ सूचना के आधार पर अवैध अतिक्रमण को रोकने वन कक्ष क्रमांक 1138 पहुंचे थे। गोना नवापारा निवासी अशोक द्वारा ट्रैक्टर से वन भूमि में अवैध रूप से जोताई कार्य किया जा रहा था, जिसे रेंजर द्वारा रोका गया। वन अमला को देख चालक ट्रैक्टर सहित गांव की ओर भाग गया। घटना स्थल का मुआयना अमला कर रहा था तभी गांव की ओर से 25 से 30 महिला पुरूष वन अफसर रेंजर और उनके वन कर्मचारियों को चारों तरफ से घेरकर पकड़ लिया। रेंजर परिहार व अन्य तीनों कर्मियो के कपड़े उतरवाए, मोबाइल पैसा भी छीना गया। फिर उन्हे भिड़ ने लाठी व डंडे से तब तक पीटते रहे जब तक शरीर से चमड़ी न उधड़ गई।



### कार्रवाई की जाएगी

वन विभाग द्वारा मामले की सूचना दिया गया है, रिर्पोट दर्ज कराने के बाद कार्यवाही किया जायेगा। उचित कार्रवाई की जा रही है।

**बाजीलाल सिंह,** एसडीओपी मैनपुर

### कायराना हरकत

वन कर्मी अफसरों के साथ अतिक्रमण कारियो ने मारपीट किया है। इसमें उचित कानूनी कार्यवाही कराने आला अफसरों को कहा गया है। घायलों को उचित उपचार कराया जा रहा है। आरोपियों की यह कायराना हरकत है। अतिक्रम हटाओ अभियान सतत जारी रहेगी।


**वरुण जैन,** उपनिदेशक उदंती टाइगर रिजर्व

### 25-30 महिला पुरूषों ने जमकर पीटा, मोबाइल व पर्स छीना

घायल वन परिक्षेत्र अधिकारी राकेश परिहार ने बताया कि हम लोग अवैध अतिक्रमण रोकने गये थे और 25-30 महिला पुरूषों ने हमें पकड़कर जमकर मारपीट कर दी, साथ ही हमारे कपड़े उतार दिये मोबाईल, पर्स, जुता, चप्पल, पैसा सब छीन लिया। हम लोग अपनी जान बचाने भागने लगे फिर एक महिला के द्वारा मात्र शासकीय वाहन बोलोरी की चाबी दिया गया। अर्ध नग्न हालत में घायल रेंजर एवं वन कर्मचारी रक्शापत्थरा लघु वनोपज सहकारी समिति के प्रबंधक के घर पहुंच सहयोग लिया। वहां सहयोगी कर्मियो ने मोजूद धोती साड़ी में लपेट कर पहले शोभा थाना पहुंचे, जहां रेंजर परिहार ने मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। घायलों को मैनपुर अस्पताल में भर्ती कर आरंभिक उपचार कराया गया। फिर उन्हे गरियाबंद अस्पताल के लिए रेफर करने की तैयारी किया जा रहा है। खबर के लिखे जाने तक मामले में शोभा थाने में मामला दर्ज नहीं किया जा सका था।घटना की सूचना लगते ही सहायक संचालक व पुलिस अफसर अस्पताल पहुंच गए थे।

# 30 नग हीरा के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

हीरा को खपाने के फिराक में घूम रहे तीन युवक चंद्रशेखर ठाकुर, आनंद मरकाम, सदाराम ओटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गरियाबंद पुलिस कप्तान अमित तुकाराम कांबले के द्वारा समस्त थाना प्रभारी को अपने-अपने थाना क्षेत्र में अवैध जुआ, सट्टा, अवैध शराब तस्करी अवैध गांजा तस्करी पर नकेल कसने हेतु निर्देश दिए थे जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चंद्राकर, एसडीओपी गरियाबंद निशा सिन्हा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी छुरा द्वारा अपने थाना क्षेत्र में असूचना तंत्र को सक्रिय किया था। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि तीन संदिग्ध व्यक्ति दो अलग-अलग मोटरसाइकिल में अपने पास बहुमूल्य हीरा रखकर ग्राम पटपरपाली से चरौदा की ओर निकले है। हीरा की अवैध रूप से परिवहन की सूचना तस्दीक पर समक्ष गवाहन एवं हमराज स्टाफ के घटना स्थल रवाना हुआ। जो ग्राम कंदागड़ी मोड़ पहुंच कर नाकाबंदी किया गया, कुछ देर के बाद मोटर साइकिल टीवीएस एवं मोटर साइकिल डीलक्स दो अलग - अलग मोटर साइकिल में तीन व्यक्ति आ रहे थे, जिसे पुलिस द्वारा रोक कर पूछताछ करते हुए तीनों संदेही आरोपी का तलाशी लेने पर संदेही चंद्रशेखर ठाकुर के कब्जे से 30 नग छोटे-बड़े चमकीले बहुमूल्य खनिज पदार्थ हीरा मिला। जिसे समक्ष गवाहन की उपस्थित में कब्जा पुलिस लिया गया।आरोपियों का कृत्य अपराध धारा सदर 21(4) माइनिंग एक्ट का पाए जाने से थाना छुरा में आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

■ हीरा को खपाने के फिराक में घूम रहे थे आरोपी

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी छुरा उप निरीक्षक दिलीप मेश्राम, जयप्रकाश मिश्रा, गिरधारी लाल ध्रुव, कृष्ण यादव, लैनदास रत्नाकर, अखिलेश वैष्णव राजकुमार मरकाम के साथ साइबर टीम से एएसआई मनीष वर्मा, अंगद राव,सतीश गिरी, देवेंद्र सोनवानी, गंगाधर सिन्हा, कृतेश प्रजापति का भूमिका सराहनीय रहा।

# वाहन की ठोकर से बाइक चालक युवक की हुई मौत

**फिंगेश्वर।** महासमुंद मार्ग मे सूखा नदी के पहले चोपड़ा हार्ड वेयर की दूकान के आगे अपनी बीमार मां को देखने बागबहरा जा रहे 21 वर्षीय पुत्र की ईको वाहन की ठोकर से मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर पीएम के पश्चात शव का पीएम कराकर परिजनों को सौपा दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 जूलाई की रात्रि लगभग 10 बजे महासमुंद की ओर से तीव्र रफतार मे आती हुई इक्कों वाहन क्रमांक 23 एच 6679 ने चोपड़ा हार्ड वेयर दूकान के पहले विपरित दिशा से जाती हुई पल्सर बाइक क्रमांक-सीजी 23 एल-7901 को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के चलते फिंगेश्वर निवासी 21 वर्षीय युवक बिरेन्द्र धुव की गंभीर अवस्था मे घायल हो गया। वहीं पर ठोकर मारने के बाद ईक्को वाहन सड़क किनारे पलट गईं। परिजनों को सूचना मिलते ही उसे सामुदायिक अस्पताल फिंगेश्वर लाया गया। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरे दिन पुलिस ने घटना स्थल से बुरी तहर से डेमेज हुए पलटी इक्को वाहन एवं टुकड़े हुए मोटर सायकिल पल्सर को थाना लाया। मामले में अज्ञात चालक आरोपी के खिलाफ धारा 103 बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई। बताया जाता है कि ईक्को वाहन भी दर्रीपार निवासी किसी व्यापारी की है। पुलिस अज्ञात चालक की खोजबीन कर मामले को जांच एवं विवेचना मे लिया है।

■ बीमार मां को देखने बागबहरा जा रहा था युवक





# डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत

**गरियाबंद।** जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर मोहेरा डिवाइडर से टकरा कर एक बाइक सवार की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस तत्काल घटना स्थल पहुंच गए थे। सिटी कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम का विवेचना शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग और सरगी गांव के आस पास से चार युवक पिकनिक मनाने गरियाबंद चिंगरा पगार आए थे और वापस जाते वक्त सुनील कुमार उम्र लगभग 20 वर्ष दुर्घटना के दौरान मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी की मोहेरा ब्रिज पर बाइक दुर्घटना हुआ है बाइक सवार को अस्पताल लाया गया जहां उसे डॉक्टर की टीम ने उसे मृत घोषित कर दिया है। फ़िलहाल शव को मर्चूरी में रखा गया है परिजनों को खबर दी जा चुकी है उनके आने के बाद आगे की करवाई की जाएगी।

### डिप्टी सीएम शर्मा आज मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में होंगे शामिल



**राजिम।** राज्य के डिप्टी सीएम विजय शर्मा 7 जुलाई को ग्राम परेवाडीह पहुंचेंगे। श्री शर्मा यहां नदी तट पर निर्मित भव्य हनुमान जी के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। सरपंच कौशिल्या ने बताया कि डिप्टी सीएम के आगमन को लेकर गांव में काफी उत्साह का वातावरण व्याप्त है। यहां उनका शानदार भव्य स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

# झांकी के साथ आज निकलेगी रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की रथयात्रा उड़ीसा से आए नर्तक दल एवं भगवान हनुमान की बड़ी प्रतिमा की झांकी के साथ रथ यात्रा निकलेगी। जिसमें 12:00 से 1:00 तक शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा रामायण पाठ 1:00 बजे पूजा अर्चना एवं 2:00 बजे से झांकियां के साथ छेरा पहरा एवं अन्य पूजा के साथ बाजे गाजे पटाखों के साथ रथ यात्रा मानस मंदिर से निकलकर नगर भ्रमण करेगी। इसमें समस्त हिन्दू धर्म प्रेमी समस्त युवा, व्यापारी, जनप्रतिनिधि, मानस परिवार के सदस्य, सेउक समाज के लोगों को दायित्व के साथ अधिक से अधिक शामिल होंगे। इस बार रथयात्रा का विशेष आकर्षण उड़ीसा से आने वाले 60 सदस्यीय नर्तक दल रहेंगे जो कि हरिबोल भजन कीर्तन मंडली नरसिंगनाथ से आयेंगे। साथ ही 10 फीट ऊंची हनुमान की विशेष झाँकी का दर्शन का लाभ नगरवासी एवं क्षेत्र के भक्तों को होगा जो रथयात्रा के आगे चलेगी। मानस मंदिर सचिव शीतल ध्रुव ने बताया कि 7 जुलाई दिन रविवार को रथयात्रा का पर्व धूम धाम से दोपहर 2 बजे पूजन अर्चन उपरांत मानस मंदिर से निकलेगी जो पूरे नगर में प्रतिवर्ष की भांति भ्रमण करेगी। दानदाताओं द्वारा महाप्रसाद हेतु मूंग चना, गुड़, शक्कर का दान किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति अध्यक्ष ओंकार शाह, सचिव बजरंग पांडे, लखन तिवारी, पुजारी यज्ञेश पांडे, धनंजय शुक्ला, शैलेन्द्र दीक्षित, अखिल चौबे, निखिल साहू, विक्कू चंद्राकर, मोनू सेन, मिथलेश सिन्हा, मोनू दीक्षित, नरेंद्र पटेल, विकास देवांगन, सफर सचदेव, सागर सचदेव, प्रतीक शर्मा, प्रहलाद पटेल, सुनील सचदेव, रजत कुकरेजा, अश्वनी देवांगन, उज्वल जैन, भोला पांडेय, विनोद देवांगन, ललित वर्मा, हीरालाल ठाकुर, पुखराज ठाकुर, विमल पुरोहित, ओमप्रकाश यादव एवं हिंदू धर्म प्रेमी, महिला मंडल आदि शामिल होंगे।

### जगन्नाथ रथयात्रा आज



**मुड़ागांव(कोरासी)।** 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ रथयात्रा (रथद्रुतिया) पूर्व अंचल के ग्रामों में धुमधाम के साथ मनाया जाएगा। भगवान जगन्नाथ का रथयात्रा हर गांव के गली मुहल्लों में भ्रमण करेंगे भक्त श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ की जयकारे के साथ हरे राम हरे कृष्णा नाचते-गाते गली भ्रमण करेंगे जिसकी तैयारी में ग्राम के श्रद्धालु भक्त जन लगे हुए है। और भगवान जगन्नाथ जी के प्रतिमा को पूजा अर्चना कर गजमूगं प्रसाद वितरण किया जायेगा अंचल के ग्राम मुड़ागांव, कोरासी, खड़मा, मड़ेली, बोईरगांव, पक्तियां, कनेसर, जुनवानी, ओनवा, खैरझिटी, लौहझर, गिधनी, पीपरछेड़ी, जरगांव, रवेली, रानीपरतेवा, करकरा, अकलवारा, कसेकेरा, साजापाली, भैरा, नवापारा,फिंगेश्वरी, सोरिद खुर्द, अमेठी आदि ग्रामों में रथयात्रा निकाली जाएगी।

हरिभूमि
पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

शरद कम्प्यूटर एजुकेशन
• DCA • PGDCA • TALLY PRIME
• ERP9 With GST Taxation • Ms Office
• फोटोशॉप • पेजमेकर • कोरल • सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण
Skill Training Partner
शरद कम्प्यूटर एजुकेशन राजिम
पता: रानी धर्मशाला परिसर राजिम
शरद पारकर मो. 98261-96073

ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE • WISDOM • HUMANITY
University Grant Commission | Association of Indian Universities | CG PURC | All Indian Council of Technical Education | BAR Council of India | Pharmacy Council of India
In Collaboration with
RUSHFORD BUSINESS SCHOOL | INDIANATECH | HENRY HARVIN | SSBM



Admission open 2024-25
Apply Now
+91-91092-44444
+91-91093-33333
City Office : Next to Radiant Way School, GE Road Behind Pt. Ravishankar Shukla University, Amanaka, Raipur, Chhattisgarh-492010
Campus : Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband, Chhattisgarh- 493996
Industry Integrated with Assured Job / MBA in Banking & Finance
Advanced Specialization Programmes
▶ Artificial Intelligence (AI),
▶ Machine Learning (ML),
▶ Full Stack Development,
▶ Internet of Things (IoT),
▶ Cyber Security,
▶ UI/UX ,
▶ Digital Marketing,
▶ Data Science,
▶ Business Analytics,
PHARMACY
D-Pharma I B-Pharma I M-Pharma I Ph.D
LAW
LLB I LLM I BBA-LLB I BA-LLB I Ph.D I
MANAGEMENT
BBA I MBA I EMBA I DBA I PGDBA I Ph.D I
BBA (Industry Integrated) I
MBA (Industry Integrated)
DESIGN
Diploma I B.Sc (Hons) I M.Sc (Fashion , Interior)
INFORMATION & TECHNOLOGY
DCA I PGDCA I BCA I MCA I Ph.D I
BCA (Industry Integrated)
LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
B.lib I M.lib I Ph.D
ENGINEERING & TECHNOLOGY
Diploma I B.Tech I M.Tech I Ph.D
B.Tech (Industry Integrated)
SCIENCE
B.Sc I B.Sc (Hons) I M.Sc I Ph.D
COMMERCE
B.Com I M.Com I Ph.D I
B.Com(Industry Integrated)
JOURNALISM & MASS COM.
Diploma I BA (Hons) I MA I Ph.D (JMC)
ARTS & HUMANTIES
BSW I MSW I BA I BA (Hons) I MA I Ph.D
YOGA & NATUROPATHY
Diploma I BA (Hons) I B.Sc (Hons) I MA I Ph.D (Yoga/ Naturopathy)

# पटवारियों ने राजस्व मंत्री से कहा- दो दिनों में हल करें नहीं तो तीसरे दिन से आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पटवारियों के संगठन राजस्व पटवारी संघ ने प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को छह पेज का एक ज्ञापन भेजकर 32 सूत्रीय मांगें सामने रखी हैं।

■ भुईयां की गड़बड़ी से परेशानी, हताश हो गए हैं

संघ का कहना है कि दो दिनों के भीतर ये मांगे पूरी की जाए वरना 8 जुलाई से पूरे प्रदेश के पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। संघ के अध्यक्ष भागवत कश्यप का कहना है कि पटवारी भुईयां साफ्टवेयर में आ रही दिक्कत से परेशान हैं। अगर सरकार ये परेशानी दूर नहीं करती है, तो पटवारी का पद ही समाप्त कर दिया जाए। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को भेजे गए मांग पत्र में 32 बिंदुओं के आधार पर अपनी मांग रखी है और उनके निराकरण की मांग की जा रही है। संघ का कहना है कि जो मांगे रखी गईं है वे सभी विगत कई वर्षों से लंबित मांगें हैं, निराकरण न होने की वजह से प्रदेश के सभी पटवारी निराश और हताश हैं।

## ऑनलाइन काम, लेकिन न कंप्यूटर न प्रिंटर देते हैं

### ये हैं प्रमुख मांगें

पटवारी संघ का कहना है कि ऑनलाईन काम करने के लिए आज तक किसी प्रकार की सुविधा नहीं दी गई है। कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, स्कैनर, इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। पटवारी अपने संसाधन से काम करते हैं। इस काम के लिए अतिरिक्त भत्ता दिया जाए। ऑनलाईन नक्शा, बटांकन संशोदन पहले पटवारी आईडी में संशोधित कर राजस्व निरीक्षक की आईडी में भेजा जाता है। इस वजह से जब तक राजस्व निरीक्षक की आईडी से अनुमोदन नहीं होता है तब तक उसी नक्शे से संबंधित अन्य बटांकन या संशोधन नहीं किया जा सकता है। जिसके कारण अनावश्यक विलंब होता है। पटवारी द्वारा अनुमोदन के लिए भेजा गया नकशा बंटाकन पटवारी आईडी में नहीं दिखता जिस्से त्रुटि की संभावना रहती है। नक्शा का सर्वर अधिकाशतः खुलता नहीं है। हर बार दुबारा लॉगिन करना पड़ता है। इस समस्या का निराकरण आज तक नहीं किया गया।




पटवारियों ने खोला 32 मांगों का पिटारा

### जिला स्तर हो सहायक प्रोग्रामर

जिला स्तर पर सहायक प्रोगामरों की पदस्थापना की जाए। त्रुटिपूर्ण खसरे जो बैंक में बंधक है। ऐसे खसरों को शुद्ध या विलोपित नहीं किया गया है। न ही एनआईसी द्वारा उसे विलोपित किया गया है। पटवारी आईडी में संकलन, विलोपन, संशोधन का ऑप्शन नहीं है। इसके बावजूद कई जिलों में संकलन, विलोपन संशोधन के नाम पर पटवारियों के खिलाफ दुर्भावनापूर्वक कार्रवाई की जा रही है, इस पर रोक लगाई जाए। कर्जदार किसानों द्वारा कर्ज चुका देने के बाद भी ऑनलाईन भुईयां से बैंक बंधक नहीं हटाया जाता है। ऐसे मामलों की शिकायत होने पर सारा दोषारोपण पटवारियों पर होता है।

### उच्चाधिकारी करते हैं प्रताड़ित

शिकायत ये भी है कि डिजीटल हस्ताक्षर 100 प्रतिशत करने के लिए शासन स्तर पर दबाव बनाया जाता है। पटवारी खुद अपने खर्च से डिजीटल टोकन बनाते हैं इसके बाद भी उच्चाधिकारी प्रताड़ित करते हैं। ऑनलाईन रजिस्ट्री होने के बाद नामांतरण के लिए पटवारी की आईडी में आता है जिसमें क्रेता-विक्रेता से संबंधित सारी जानकारी अंग्रेजी में रहती है जिसे हिंदी में टाइप करना पड़ता है। लिपिकीय त्रुटि हो सकती है। इसके लिए पटवारी को दोषी समझा जाता है। वर्तमान में प्रदेश स्तर पर 100 प्रतिशत नक्शा, बटांकन का दबाव बनाया जा रहा है। इसी तरह कई अन्य मांगें 32 सूत्रीय ज्ञापन में शामिल है।

## खबर संक्षेप



### सीएसईबी अफसरों और कर्मियों ने पौधे लगाने का लिया संकल्प

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी अंतर्गत नगर वृत्त-1 में शुक्रवार को कलेक्टर के निर्देशानुसार वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर वृत्त-1 अंतर्गत 4 संभागों में लगभग 1000 वृक्ष लगाने का संकल्प अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा द्वारा सभी अधिकारियों कर्मचारियों को दिलाया गया। साथ ही उनके डगनिया, इंद्रप्रस्थ, आईएसबीटी एवं पुरैना कार्यालय अंतर्गत लगभग 500 पौधे लगाए गए। श्री वर्मा ने बताया को पौधारोपण पूरे सप्ताह उनके कार्यालयों अंतर्गत करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान कार्यपालन यंत्री विनोद तिवारी, आशीष अग्निहोत्री, विनय चंद्राकर, एके निवदिंग, अरुण वर्मा एवं पीके सिंग शामिल हुए।

### लायंस क्लब रायपुर सीनियर का शपथ ग्रहण समारोह



**रायपुर।** लायंस क्लब रायपुर सीनियर की वर्ष 2024-25 की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को हुआ, जिसमें वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजे एफ लायन रिपुदमन सिंह पुसरी मुख्य अतिथि, लायन रंजना क्षेत्रपाल पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के विशेष अतिथि रहे। कार्यक्रम के संयोजक लायन डॉ. निरंजन हरितवाल तथा लायन एमजेएफ संतोष गुप्ता ने शपथ अधिकारी के रूप में नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। नए पदाधिकारियों में अध्यक्ष लायन अशोक अग्रवाल, उपाध्यक्ष लायन महेंद्र मित्तल, लायन गजानंद अग्रवाल सचिव लायन दीपक सिन्हा, कोषाध्यक्ष लायन दिवाकर अवस्थी, टेमर लायन महेश अग्रवाल, टेलतविस्तार लायन धर्मेंद्र चौधरी, पीआरओ लायन गोपाल चोपड़ा, मेम्बरशिप कमेटी लायन संतोष गुप्ता, कार्यकारिणी- लायन डॉ. निरंजन हरितवाल, लायन प्रकाश दावड़ा, लायन दिलीप भल्ला, लायन अरविंद चौबे, लायन बजरंग अग्रवाल, लायन प्रेम नारायण गुप्ता शामिल हैं।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को उन्हें नमन किया। श्री साय ने कहा कि देश की एकता को और अधिक मजबूत करने की दिशा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 'अद्वितीय प्रयासों' के लिए प्रत्येक भारतीय उनका ऋणी है। श्री साय ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की प्रगति के लिए कड़ी मेहनत की और एक मजबूत तथा समृद्ध राष्ट्र का सपना देखा। हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## निरीक्षण: आदिवासी बालक आश्रम में घटिया निर्माण को देखकर जताई नराजगी

# कलेक्टर पहुंचे पैरी उद्गम भाठीगढ पहाड़ी, कहा जल्द पर्यटन स्थल के रूप में होंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

जिले के कलेक्टर दीपक अग्रवाल शनिवार को मैनपुर पहुंचे। इस दौरान बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव के साथ क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल पैरी उदगम पहाड़ी पहुंचे, जहां कलेक्टर ने पहाड़ी क्षेत्र का पैदल निरीक्षण कर कहा कि यह बहुत मनोरम और सुन्दर स्थल है यहा पहुंचने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए ठहरने पहाड़ी के नीचे गार्डन, पेयजल, सीढियों का जीर्णोधार के साथ रेलिंग व अन्य मूलभूत सुविधा जल्द उपलब्ध कराई जायेगी। कलेक्टर ने विधायक एवं क्षेत्र के ग्रामीणों से इस सबंध में चर्चा किया। ग्रामीणों ने बताया कि बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव के पहल से पैरी उदगम स्थल को पर्यटन स्थल का दर्जा मिलने से क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह है और यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराने की मांग कलेक्टर से की है। इस दौरान बताया गया कि पिछले दिनों पर्यटन विभाग की टीम पैरी उदगम का निरीक्षण कर और पूरी योजना बनाकर फाईल भेज चुकी हैं लेकिन क्षेत्र के ग्रामीणों कें मंशानुसार यहां विकास कार्य कराया जायेगा जिससे लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सकें।






### शिक्षक कॉलोनी की महिलाओं ने पेयजल की बताई समस्या

मैनपुर पहुंचे कलेक्टर से शिक्षक कॉलोनी मैनपुर में निवास करने वाले महिलाओं ने ज्ञापन सौपकर मांग किया कि मैनपुर नगर में पिछले 06-07 माह से नल जल योजना बंद है और शिक्षक कॉलोनी मोहल्ला में सामुदायिक भवन से पानी दिया जा सकता है। इस सबंध में मैनपुर जनपद पंचायत के सीईओ को ज्ञापन देने के बाद भी उनके द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, कलेक्टर ने तत्काल मैनपुर एसडीएम को इस समस्या के समाधान करने का निर्देश दिया है, इस मौके पर प्रमुख रूप से एसडीएम मैनपुर डॉक्टर तुलसीदास मरकाम, हेमसिंह नेगी, रामकृष्ण ध्रुव, गेंदु यादव, अंजली खलखों, भुनेश्वर सिन्हा, दामोदर नेगी सहित क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थे।

### घटिया निर्माण को देख कलेक्टर ने जताई नराजगी

भाठीगढ स्थित आदिवासी बालक आश्रम बडेगोबरा का कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं विधायक जनक धुव ने संयुक्त रूप से अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान यहां अध्यनरत छात्रों से कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने मुलाकात किया, छात्रों से कलेक्टर ने कई सवाल पूछे कई छात्रों ने सवालों का जवाब बहुत बेहतर ढंग से दिया। जिससे कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं को शाबासी दिया और पूरे मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा है। साथ ही छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक पुस्तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, आश्रम निरीक्षण के दौरान भोजन बनाने वाले कक्ष का निरीक्षण किया और तत्काल साफ- सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश ने दिया है, इस दौरान आश्रम में अधूरे निर्माण कार्य के सबंध में ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि यह आश्रम भवन का निर्माण लगभग 15 वर्ष पहले किया गया है लेकिन भवन का आधे हिस्सा का निर्माण पिछले दो वर्ष पूर्व किया गया है भवन निर्माण बेहद घटिया तरीके से किया गया है, जगह-जगह से भवन में दरारे आ गई है साथ ही प्लोरिंग अभी से टूट फूट गया है। दरवाजे खिड़की टूट गए हैं कलेक्टर ने भवन का निरीक्षण कर जमकर नराजगी जताया और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश दिया है। अधीक्षक ने बताया कि आश्रम में पानी की भारी किल्लत है छात्रों के पीने के पानी के लिए दूर से लाना पड़ता है, जिसके जल्द समाधान करने की बात कही गई है।

# क्लीन ग्रीन 24 अवार्ड की घोषणा 13 कालोनियों को 5 स्टार, 28 को 3 स्टार एवं 27 को 1 स्टार का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए नगर निगम प्रशासन ने स्वच्छता के आधार पर अब कालोनियों को भी स्वच्छता के अनुसार उन्हें स्टार अवार्ड का दर्जा देने के लिए क्लीन ग्रीन 24 अवार्ड योजना प्रारंभ की है। इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीयन किया गया था। पंजीयन के आधार पर सभी कालोनियों का निगम के विशेष दल ने निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान दल ने कालोनियों के रहवासियों से स्वच्छता संबंधी जागरूकता फीडबैक भी लिया था, जिसके आधार पर अवार्ड की घोषणा करते हुए 13 कालोनियों को 5 स्टार का दर्जा दिया गया है। इसके अलावा 28 कालोनियों को 3 स्टार तथा 27 को 1 स्टार का दर्जा मिला है।



■ नगर निगम प्रशासन ने क्लीन ग्रीन 24 अवार्ड की घोषणा की

### 69 कालोनियों का हुआ था पंजीयन

मेरा घर, मेरी कालोनी, मेरा वार्ड, मेरा शहर, मेरा देश स्वच्छ के भाव को जागृत करते हुए निगम ने ग्रीन 24 अवार्ड के लिए 1 से 10 फरवरी तक निगम के ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीयन कराने के लिए आवेदन मंगाए थे। कुल 71 कालोनियों ने अपना पंजीयन कराया था। इनमें से एक कॉलोनी निगम सीमा से बाहर की थी, वहीं दो कॉलानियों ने दो बार पंजीयन कराया है। इस प्रकार कुल 68 कॉलोनियों का ही अवार्ड घोषित किया गया है।

### 3 श्रेणियों के आधार पर तय किया गया अवार्ड

कालोनियों को स्टार अवार्ड देने के लिए 3 श्रेणियां तय की गई थी। इसमें कॉलोनियों का रखरखाव में रेसिडेंस वेलफेयर एसोसियशन द्वारा संधारित कॉलानी, बिल्डर एवं डेवल्पर द्वारा संधारित कॉलोनी एवं अन्य संस्थाओं द्वारा संधारित कॉलोनी। इन तीनों श्रेणियों को भी आवास के आधार पर वर्गीकृत किया गया था, इसमें लघु कॉलोनी में 99 आवास, मध्यम कॉलोनी में 100 से 499 आवास तथा वृहद कॉलोनी में 500 या उससे ज्यादा आवास है।

# पर्यावास बिल्डिंग के चौथे माले से कर्मी ने कूदकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



■ मृतक सीनियर क्लर्क था, पारिवारिक तनाव की वजह से खुदकुशी करने की आशंका

■ पुलिस के अनुसार मृतक भिलाई, सुपेला का रहने वाला है

नवा रायपुर में पर्यावास भवन में सीनियर क्लर्क के पद पर पदस्थ एक व्यक्ति ने शुक्रवार को कार्यालयीन समय में बील्डिंग के चौथे माले से कूदकर खुदकुशी कर ली है। खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस को पारिवारिक तनाव की वजह से सीनियर क्लर्क द्वारा खुदकुशी करने की आशंका है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। घटना राखी थाना क्षेत्र की है।

पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय नरेश साहू ने बिल्डिंग के चौथे माले से कूदकर खुदकुशी की है। बिल्डिंग से कूदने की वजह से नरेश का सिर जमीन में टकराते ही फट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना का एक सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें नरेश अपने कार्यालय से निकलकर रेलिंग को पार करते और कूदते दिख रहा है। नरेश पर्यावास कार्यालय में वरिष्ठ लेखा सहायक के पद पर पदस्थ था। घटना सुबह 10 बजकर 40 मिनट की है। नरेश चौथे माले से जैसे ही कूदकर नीचे गिरा, उसके जोरदार चीखने की आवाज आई।

चीख सुनकर लोग ग्राउंड फ्लोर पर पहुंचे तो वहां नरेश के सिर से खून बह रहा था और उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार मृतक भिलाई, सुपेला का रहने वाला है, उसकी तीन साल पहले शादी हुई है और उसकी एक बेटी है।

# व्यापारी एकता पैनल की बैठक में जिम्मेदारी तय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव को लेकर व्यापारी एकता पैनल की कोर ग्रुप की बैठक आयोजित हुई जिसमें तय किया गया कि 9 जुलाई को बैठक की जाएगी।

बैठक की सफलता के लिए कार्य विभाजन एवं जिम्मेदारियां तय की गई हैं। राजकुमार राठी को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। प्रिंट मीडिया की जवाबदारी राजेश वासवानी को सौंपी गई है। पूर्व पदाधिकारी एवं पिछले चुनाव में पूरे प्रदेश में चुनाव लड़े प्रत्याशी एवं प्रमुखजन की जवाबदारी श्रीचंद सुन्दरानी एवं योगेश अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल को दी गई है।

कोरबा एवं रायगढ़ क्षेत्र के सदस्यों से संपर्क के लिए अमर गिदवानी, रायपुर की चेतन तारवानी, राजेश गुरनानी, वासुदेव जोतवानी, चंदर विधानी, राजू भाई तारवानी, जितेन्द्र बड़वानी, सुदेश मंध्यान, प्रकाश लालवानी, गौतम लुनिया, आशीष जैन, राधाकिशन सुन्दरानी, दीपक बल्लेवार, अमर खट्टर, महेन्द्र आहूजा, को दी गई है। कानूनी रूपरेखा तय करने के लिए शिव ग्वालानी, वासुदेव जोतवानी को जिम्मेदारी दी गई है।

# खाद बीज का वितरण बेहतर लेकिन बारिश कम, अब तक हो पाई है 27 प्रतिशत बोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय होने के बाद भी अब तक बारिश कम ही हो पाई है। राज्य में अब तक पिछले साल के मुकाबले औसत बारिश भी बहुत कम हुई है। खेती किसानी के जानकारों का कहना है कि जब तक अच्छी बारिश न हो जाए, तब तक बोनी करने में कठिनाई है। यही कारण है कि राज्य में धान बुवाई का काम धीमा चल रहा है। बताया गया है कि किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार इसलिए है, ताकि वे मताई करके बीजारोपण कर सकें और नर्सरी लगाकर रोपाई कर सकें।

संचालनालय कृषि के साप्ताहिक प्रतिवेदन में 1 जुलाई की स्थिति में बताया गया है कि प्रदेश की औसत वार्षिक वर्षा 1236 मिमी है। 1 जुलाई की स्थिति में प्रदेश की औसत वर्षा 153 मिमी दर्ज की गई है। जो इसी अवधि की 10 वर्षों की औसत वर्षा 182.3 मिमी से 29.3 मिमी कम है। पिछले साल इसी अवधि में 169.2 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई थी।



फाइल फोटो

■ किसानों को है बारिश का इंतजार

■ मताई,रोपाई के लिए चाहिए पानी

■ किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार इसलिए है, ताकि वे मताई करके बीजारोपण कर सकें

### बीज का वितरण 68 प्रतिशत

खरीफ वर्ष 2023 में प्रदेश में कुल 9.43 लाख क्विटल प्रमाणित बीज वितरण किया गया था। इस वर्ष खरीफ 2024 के लिए प्रदेश में 9.78 लाख क्विटल प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है जिसमें से 8.07 लाख क्विटल बीज का भंडारण कर अब तक 6.69 लाख क्विटल बीज का वितरण किया गया जो मांग का 68% है।

### अब तक 27 प्रतिशत बुवाई

खरीफ वर्ष 2023 में प्रदेश में कुल 48.28 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी की गई थी। इस वर्ष खरीफ वर्ष 2024 के लिए 48.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 13.23 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी की जा चुकी है जो लक्ष्य का 27% है।

### 56 प्रतिशत खाद उठा चुके किसान

प्रदेश में गतवर्ष खरीफ 2023 में कुल 13.41 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया गया था। इस वर्ष खरीफ 2024 में 13.68 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त लक्ष्य के विरूद्ध 12.12 लाख मे.टन उर्वरकों का सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में भंडारण किया गया है। उक्त भंडारण के विरूद्ध 7.72 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किया गया है जो कि कुल लक्ष्य का 56% वितरण हो चुका है।

# संस्कार के साथ रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करना गर्व की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर के 7वें स्थापना दिवस पर श्री सद्गुरु प्राकट्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए एवं अध्यक्षता प्रतिकुलाधिपति हर्ष गौतम ने की।

मंचस्थ अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत के उपरांत प्रतिकुलाधिपति श्री गौतम ने अपने स्वागत उद्बोधन में यूनिवर्सिटी के संस्थापक अनंत विभूषित श्री रविशंकर महाराज द्वारा स्वास्थ्य, सेवा और शिक्षा की राह में अथक प्रयासों एवं उनके उद्देश्य का वर्णन करते हुए बताया कि रायपुर में आईटीआई इंस्टिट्यूट से श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी तक का सफर निरंतर अग्रसर है और आज यूनिवर्सिटी 8000 से अधिक स्वदेशी एवं विदेशी विद्यार्थियों के साथ सफलता के नित-नए प्रतिमान स्थापित कर रही है। कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विविध आयामों में यूनिवर्सिटी की उप्लब्धियों पर प्रकाश डालते हुए आईआईआरएफ रैंकिंग में राष्ट्रीय स्तर पर चतुर्थ एवं राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त इमर्जिंग प्राइवेट यूनिवर्सिटी 2024 के गौरवपूर्ण उपलब्धि का उल्लेख किया। कुलपति प्रो. एसके सिंह ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुणवत्ता रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करना रावतपुरा सरकार महाराज का ध्येय रहा है, जिसकी प्राप्ति के लिए विश्विद्यालय हमेशा क्रियाशील रहा है।

### युवाओं को दी नई दिशा

मुख्य अतिथि उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि अपनी स्थापना के 7वें वर्ष में श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी 8000 से अधिक स्वदेशी एवं विदेशी विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करके वैश्विक स्तर पर नित-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। गुरुदेवश्री की आध्यात्मिक दूर दृष्टि एवं प्रभावी मार्गदर्शन पर कार्य करते हुए इस यूनिवर्सिटी ने युवाओं को नई दिशा एवं उत्साह प्रदान किया है।




■ सद्गुरु प्राकट्य महोत्सव एवं रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी का स्थापना दिवस

■ उप मुख्यमंत्री साव ने किया सम्मानित

### सांस्कृतिक कार्यक्रम भी

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने नृत्य एवं शिक्षकों ने संगीत के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाया। मंच संचालन डॉ. सागर साहू ने किया। यूनिवर्सिटी के उप कुलसचिव डॉ. कमल कुमार प्रधान ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में डीन एकेडेमिक डॉ. आरआर बिराली ने सभी को यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### प्रशस्तिपत्र देकर किया सम्मानित

यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ को उप मुख्यमंत्री श्री साव ने प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया, इनमें शुभम नामदेव जनसंपर्क अधिकारी, शिवांगी शुक्ल एग्जीक्यूटिव एडमिशन, प्रांतिक आचार्य लेखा प्रबंधक, महेंद्र कल्यारे एचआर सहायक, अमन सिंह गहरवार स्टोर इंचार्ज, डॉ. मिथिलेश सिंह सह प्राध्यापक, डॉ. आशीष कुमार सरकार सह प्राध्यापक, डॉ. वीणा देवी सिंह सह प्राध्यापक, डॉ. कौशल कुमार सहायक प्राध्यापक, डॉ. ईश्वर प्रसाद यद्‌, अखंड प्रताप सिंह , डॉ. सिंदुरा भार्गव, उत्तम वैष्णव, राहुल गुप्ता शामिल रहे। विवि में योग के क्षेत्र में इतिहास रचने वाले विद्यार्थियों, योग विभाग से छाया जैन, ज्योति दीपक, प्रीटी साहू और पुष्प साहू ने इंडो-नेपाल यूथ गेमस 2023 में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी को विश्वपटल में गौरवान्वित किया है, उन्हें सम्मानित किया गया।

# भूपेश बघेल बोले- प्रदेश में यात्री सुविधाएं बदहाल, भाजपा के दस सांसद हैं, पहल करनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, छत्तीसगढ़ की यात्री सुविधा बदहाल है। 1000 से अधिक ट्रेनें रद्द हो गई हैं और वह माल लदान का काम है, वह रिकार्ड बना रहा है। कोरोना काल से लेकर अब तक केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के यात्रियों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार कर रही है जो घोर निंदनीय है। इस मामले में छत्तीसगढ़ सरकार को ध्यान देना चाहिए। केंद्र सरकार में 10-10 सांसद जीत कर आए हैं, उनको इस मामले में पहल करनी चाहिए और यहां के यात्रियों को जो सुविधा मिल रही थी वह जारी रहे। पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री बघेल ने कहा, रेडी टू ईट का पेमेंट नहीं हुआ और शालाएं शुरू हो गई हैं। बच्चों को रेडी टू ईट मिल नहीं रहा है और यह कहा जा रहा है कि बीज निगम से पेमेंट नहीं हुआ।

श्री बघेल ने कहा, महादेव ऐप में एफआईआर केवल छत्तीसगढ़ में हुई हैं। सभी आरोपी को पकड़-पकड़कर कोई हैदराबाद से मुंबई, गोवा, ओडिशा, उत्तरप्रदेश और दिल्ली से ला रहे हैं। भाजपा शासित राज्यों में महादेव सट्टा ऐप चल रहा है। श्री बघेल ने कहा, मुख्यमंत्री जनदर्शन कर रहे हैं, उसके बाद दो मंत्री भी जनदर्शन कर रहे है। यहां पर गुटबाजी देखने को मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### होलीफैथ स्कूल में हुए विविध कार्यक्रम

**महासमुंद।** द न्यू होलीफैथ स्कूल में शैक्षणिक कैलेंडर शासन के आदेशानुसार शनिवार बैगलेस डे पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संस्था प्राचार्य के निर्देशानुसार ज्ञान वर्धक जानकारी, रथयात्रा उत्सव मनाने का कारण एवं एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण, संरक्षण एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ।

### खुसरूपाली स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला और उच्च प्राथमिक शाला खुसरूपाली के संयुक्त तत्वावधान में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला समिति के अध्यक्ष गोविंद चक्रधारी, अध्यक्षता राजू यादव, विशेष अतिथि संकुल समन्वयक देवलाल सिन्हा रहे। कार्यक्रम का शुभ आरंभ माता सरस्वती के पूजन वंदन से हुआ। कार्यक्रम में 1ली और 6वी के नव प्रवेशी बच्चों का गुलाल लगा कर स्वागत किया गया। छात्रों पुस्तक और गणवेश का वितरण किया गया। साथ में सभी को जलेबी मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। समन्वयक देवलाल सिन्हा द्वारा निःशुल्क शिक्षा के अंतर्गत किताब, गणवेश, छात्रवृत्ति, जाति प्रमाण आदि योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। प्रधानपाठक प्रेमचंद डडसेना ने बताया गया कि प्रवेश लक्ष्य 33 के बजाय 36 बच्चों ने प्रवेश किया। कार्यक्रम में शिक्षक धीरज तिवारी, उषा चंद्राकर, खुसरूपाली के प्रधानपाठक श्रीजीनाथ बरिहा, विष्णु बंजारे पालकों में लीला बाई, केशरी, पानो ठाकुर, दसमत बाई ठाकुर, मथुरा, तारा बाई, भानु चक्रधारी, कमल कुमार ठाकुर, जगन्नाथ, रामखिलावन पटेल, रमेश ठाकुर, बेदलाल चंद्राकर, नरसिंग आदि उपाथित रहे। संचालन प्रेमचंद डडसेना ने किया।

### ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत ग्राम सिंघनपुर में ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हो गई। प्रार्थी साहिल सिंग पिता वाईडी सिंग (34 साल) ने मामले में ट्रक क्र सीजी 06 जीजेड 3571 के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ 281 भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है।

### फुटबाल सब जूनियर बालक वर्ग का ट्रायल 10 से

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में सब जूनियर बालक वर्ग का चयन ट्रायल बिलासपुर में 10 से 11 जुलाई को होने जा रहा है। जिसमें भाग लेने की योग्यताएं सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (सीआरएस) के अनुसार खिलाड़ियों का जिले में पंजीयन अनिवार्य है। 01 जनवरी 2011 से 31 दिसंबर 2012 के बीच जन्म लेने बाले बालक ही इस खेल में भाग ले सकते हैं, जिसका प्रमाण पत्र (रजिस्टर्ड संस्था) से होना अनिवार्य है। खिलाड़ियों का एमबीबीएस चिकित्सक द्वारा जारी मेडिकल प्रमाण पत्र, मान्यता प्राप्त रेडियोलॉजिस्ट से बोन प्रमाण पत्र, पालक की अनुमति प्रमाण पत्र जरूरी है। उक्ताशय की जानकारी जिला फुटबॉल संघ के सचिव संतोष साहू ने दी।

### शराब की अवैध बिक्री के 3 मामलों पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री व परिवहन के 3 मामलों में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कुल 24,750 रुपए की शराब जब्त की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम खट्टी में आरोपी गोविंद मानिकपुरी पिता राजू (29 साल) निवासी ग्राम पिटियाझर व एक अन्य के कब्जे से देशी प्लेन शराब 25200 एमएल, कीमत 12600 रुपए, ग्राम खैरा में आरोपी अजय जगत पिता समारू (35 साल निवासी सुभाष नगर के कब्जे से 9000 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 4500 रुपए तथा ग्राम भलेसर रोड से आरोपी जितेंद्र तांडी पिता राज (30 साल) निवासी पंजाबीपारा महासमुंद व एक अन्य के कब्जे से 15300 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 7650 रुपए को जब्त किया गया। इन मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

---

**बैठक:** स्काउट गाइड जिला परिषद की बैठक संपन्न

# अनुशासन स्काउट गाइड की रीढ़ है, लक्ष्य हासिल करने के लिए सकारात्मक सोच जरूरी : उपाध्याय

हरिभूमि.न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव व राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत एवं जिला सचिव रोमन लाल साहू के मार्गदर्शन व डीओसी स्काउट आशीष साहू,डी ओ सी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में स्काउट गाइड की वार्षिक कार्य योजना पर जवाहर नवोदय विद्यालय पाण्डुका में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

इस अवसर पर स्काउट गाइड संघ के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि अनुशासन स्काउट गाइड की रीढ़ है। जहाँ अनुशासन है वहाँ पर सफलता और संस्कार है। हम सभी को टीम वर्क बनाकर सकारात्मक सोंच के साथ कार्य करना होगा तो निश्चित सफलता मिलेगी। जिला मुख्य आयुक्त बैशाखू राम साहू ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड अनुशासित,चरित्रवान आत्मनिर्भर सेवाभावी, संस्कारवान नागरिक बनाने की शिक्षा देती है।जिला शिक्षा अधिकारी ए.के.सारस्वत ने कहा कि स्काउट गाइड की गतिविधियां सभी स्कूलों में अनिवार्य रूप से संचालित हो।छत्तीसगढ़ राज्य की स्काउटिंग का हमारे देश में अहम योगदान है। राज्य में प्रतिवर्ष स्काउटिंग गाइडिंग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम होते है। समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों में स्काउट गाइड की प्रमुख भूमिका रही है।



#### गतिविधि के बारे में दी गई जानकारी

जुलाई माह में जिले में तृतीय सोपान निपुण जांच परीक्षा होनी है जिसमें जिला स्तरीय तृतीय सोपान निपुण जांच परीक्षा हेतु तिथि एवं स्थान निर्धारण व सत्र 2022-23 के राज्यपाल पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण, 7 जुलाई को जिला स्तरीय पौधारोपण अन्य गतिविधि के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सांख्यिकीय अधिकारी श्याम चंद्राकर, पूर्व जिला मुख्य आयुक्त डॉक्टर रामकुमार साहू, आमंत्रित जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे, चंद्रशेखर साहू, जिला आयुक्त गाइड रेखा शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, आजीवन सदस्य संजीव चंद्राकर, नूतन साहू, कमलेश साहू एबीईओ अनिल ध्रुव, युवराज साहू, प्राचार्य विकासखंड सचिव एसएस कंवर, मुरारी लाल साहू, धमेंद्र सिंह ठाकुर, प्रेम लाल साहू टेक्निकल प्रभारी चौतन्य यद्गु, जिला मिडिया प्रभारी पूरन लाल साहू उपस्थित थे।

#### प्रैक्टिकल पर दें जोर

जिला सचिव रोमन लाल साहू द्वारा जिले में चलने वाले स्काउट गाइड गतिविधियों का वार्षिक कार्य योजना (वार्षिक कैलेंडर) पर चर्चा करते हुए कहा कि अभी तक गरियाबंद जिले के 224 स्काउट गाइड, रोवर–रेंजर राज्यपाल से सम्मानित हो चुके हैं। राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में 10 अंक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित विद्यार्थियों को 15 अंक बोनस मिलता है। वहीं सत्र 2023–24 में 54 विद्यार्थियों को इनका लाभ मिला है। सभी विद्यालयों में अनिवार्य रूप से दल गठन कर विधिवत रूप से स्काउटिंग पाठ्यक्रम, प्रवेश, प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान, तृतीय सोपान, पूर्ण कराने के साथ प्रैक्टिकल पर जोर देवें ताकि जिले से अधिक से अधिक स्काउट गाइड राज्यपाल एवं राष्ट्रपति अवार्ड प्रमाण पत्र परीक्षा में सफल हो सके। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए कहा कि जिला संघ की साधारण सदस्यता अवधि पूर्ण होने पर पुनः सदस्यता के सन्दर्भ में जानकारी के साथ- साथ वार्षिक आय-व्यय का अनुमोदन कराया गया।

---

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन



**मैनपुर।** ग्राम धुरवागुडी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित कर नव निर्मित पुस्तकालय कक्षा, कला एंव सांस्कृतिक भवन, प्रयोगशाला भवन का लोकार्पण जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष स्मृति ठाकुर के द्वारा किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत खोखमा के सरपंच रामप्रसाद नेताम, पूर्व सरपंच रूपचन्द्र नेताम विशेष रूप से उपस्थित थे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला एंव स्वामी आत्मांनद स्कूल में 07 लाख 63 हजार रूपये की लागत से प्रयोगशाला कक्ष, 09 लाख रूपये की लागत से पुस्तकालय कक्ष, 6 लाख 36 हजार की लागत से कला एंव सांस्कृतिक भवन का विधिवत पुजा अर्चना कर लोकर्पण किया गया एंव दो लाख रूपये के लागत से निर्माण किये जाने वाले सायकल स्टैड, रंगमंच निर्माण का भूमिपुजन किया। इस दौरान स्मृति ठाकुर ने कहा कि लंबे समय से यहा के स्कूल में मांग किया जा रहा था कि आज मांग पूरा हुआ अब हमारे बच्चों को लैब का लाभ मिलेगा साथ ही सांइस के छात्रों को जो परेशानी आ रही थी वह काफी हद तक दूर होगी उन्होने कहा कि हम सब को सबसे ज्यादा शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। इस विद्यालय में समस्याओं को देखते हुए शौचालय निर्माण के लिए 4 लाख रूपये तथा किचन सेड निर्माण के लिए 6 लाख देने की घोषणा की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नाभोराम, कुंवर सिंह, चन्द्रकला सोनवानी, पिंकी ठाकुर, उपाय सिन्हा, तरन्नुम मेमन, पवित्रे सोरी, किशोर ध्रुव, थानसिंह नायक, संतोष गुप्ता, प्राचार्य मोतीराम कोमर्रा, संकुल समन्वयक अजय यादव, कंवल नागेश, सरिता, राजेश यादव, शेशनारायण ताम्रकर, संदीप सोनी, टेकराम धुरव, वासुदेव सोरी, विरेन्द्र बघेल, सुरेश शर्मा, लीना निषाद, नीलकमल, सदनंद पटेल हिमांशु उपाध्याय, यतिश नेताम, भुपेन्द्र साहू, रीमा ध्रुव, मीनाक्षी साहू, विजया, रश्मी एवं हाईस्कूल स्वामी आत्मांनद विद्यालय के छात्र-छात्राएं शिक्षक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

---

## कृषि विभाग की नाशीजीव प्रबंधन पर कार्यशाला उद्घाटित



हरिभूमि.न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

उपसंचालक कृषि चंदन राय के नेतृत्व में केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र रायपुर द्वारा किसान खेत पाठशाला अंतर्गत एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन के विषय पर ग्राम रावण एवं अरंड में कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में सब्जी एवं धान फसल के लिए एकीकृत कीट व्याधि प्रबंधन के लिए आगामी 16 सप्ताह तक कृषकों का किसान खेत पाठशाला का आयोजन किया जाएगा। जिसका शनिवार को उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। किसानों को बीज उपचार, रोपाई फर्टिलाइजर प्रबंधन, कीट नाशक, फफूंदनाशाक आदि की जानकारी इस अवधि में प्रदान किया जाएगा। नीरज कुमार सिंह सहायक निर्देशक एंटोंमोलॉजी, डॉक्टर विकास चौहान सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी, अशोक कुमार सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी, उज्जवल शर्मा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ने कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान किया एवं किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में ग्राम रावड के सरपंच हलधर साहू, सचिव चंद्रहास साहू, कृषक दयाराम साहू, दिलीप साहू, राकेश साहू, नारद साहू, बिहारी यादव, हिच्छाराम साहू, सुशील साहू, संतोष साहू, नरोत्तम साहू, महेंद्र, गंगाधर साहू, ललित साहू, दिनेश कुमार देवांगन, ओम प्रकाश साहू आदि कृषक उपस्थित थे।

## भगवान जगन्नाथ मंदिर में नंदीघोष रथ पूजन सम्पन्न



हरिभूमि.न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर विकासखंड के अमलीपदर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में सोमवार को महाप्रभु जगन्नाथ की नेत्रोत्सव पूजन वेद मंत्रों, पंच ध्वनि के साथ पूजन अर्चना किया। प्रभु के पूजन से पूर्व श्री मंदिर में विराजित मुलतम भगवती मंगला का आगमन हुआ उसके बाद श्री मंदिर के रक्षक हनुमान जी का पूजन के बाद गांव के मुख्य देवी मां शीतला, बुड़ा राजा के साथ गांव के देवी- देवताओं का पूजारी, झाकर, बैगा, हजारों की संख्या में समस्त ग्रामवासी का श्री मंदिर में आगमन हुआ। फिर श्री मंदिर के आचार्य पंडित युवराज पांडेय द्वारा भगवान के नीलचक्र में पतित पावन बान ध्वजा परिवर्तन किया गया। सभी भक्त एक साथ बोल कालिया के जयघोष के साथ भगवान की स्तुति करने लगे और रथ पूजन किया गया। फिर महाप्रभु का भव्य आरती किया गया। उसके बाद महाप्रसाद वितरण किया गया कल मंगलवार को भगवान श्री जगन्नाथ जी बलभद्र सुभद्रा के साथ नंदीघोष रथ पर आरूढ़ हो कर मौसी श्री गुंडीचा रानी के यहां प्रस्थान करेंगे।

## धारा 370 को हटाकर प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. साहब के सपनों को किया साकार : टीकम

हरिभूमि.न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

शनिवार को मन्दलोर ग्राम पंचायत में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप भाजपा नेता टीकम चन्द साहू ने कहा कि एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेगा का नारा देने वाले और जम्मू कश्मीर की परमिट सिस्टम का विरोध कर पंडित जवाहरलाल लाल नेहरू के मंत्री मण्डल से उद्योग मंत्री पद से इस्तीफा देकर प्रतिपक्ष का नेता बनने वाले भारतीय जनसंघ के प्रधान डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती आज मना रहे है। श्री साहू ने कहा कि स्वतंत्र भारत की सरकार में कश्मीर पर लागू धारा 370 व परमिट सिस्टम का विरोध कर कश्मीर में प्रवेश करके राष्ट्रीय ध्वज का तिरंगा लहराया जहां रहस्यमय ढंग से उनकी मौत हो गई जिसका खुलासा आज तक नहीं हुआ। कहा कि ऐसे सिद्धांतवादी मां भारती के वीर सपूत जिनका जन्म आज के ही दिन 6 जुलाई 1901 को हुआ था जो कुशाग्र बुद्धि के थे। बंगाल युनिवर्सिटी के उपकुलपति का दायित्व निभाया और बैरिस्टर हो राजनीति में आए तथा पं नेहरू की गलत नीति का विरोध करते हुए शहीद हो गए। श्री साहू ने अपने विद्यार्थी जीवन को याद करते हुए बताया कि जब वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले पी वी नरसिम्हा राव के प्रधानमंत्रित्व काल में कश्मीर पैकेज का विरोध 1997 में अपने अन्य साथियों के साथ रायपुर के शास्त्री चौक में चक्का जाम कर धरना प्रदर्शन किए थे जिनका एफआईआर दर्ज हुआ और पांच वर्ष तक जिला न्यायालय में पेशी हुई। कश्मीर पैकेज पर सदर ए रियासत जो राष्ट्रपति होता है और वजिर ए आजम से आशय प्रधानमंत्री को जम्मू कश्मीर में लागू करने वाले थे का विरोध किया गया था । टीकम ने कहा कि मोदीजी ने धारा 370 को हटाकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना साकार किया। इस अवसर पर सरपंच दिनेश्वरी साहू, उप सरपंच भुनेश्वरी, तामेश्वर साहू, दिलीप देवांगन,दिनेश साहू, देवलाल, नीलकमल, राजाराम, छबिराम, राजेन्द्र देवांगन, पन्ना साहू, उमेश कुमार, कुमारी पूजा साहू, होरी साहू, उमाशंकर देवांगन सहित ग्रामीण उपस्थित थे। यहां पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर मां के नाम एक पेड़ लगाकर पौधारोपण किया गया।




## कोमा स्कूल में बाल कैबिनेट का गठन



हरिभूमि.न्यूज ⏭ राजिम

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोमा में प्रधान पाठक मोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। जिसमें शाला नायक जगन्नाथ साहू कक्षा 8वीं, छात्रा प्रतिनिधि कोयल साहू 8वीं, शिक्षा मंत्री प्रेरणा साहू 8वीं, स्वास्थ्य मंत्री डीकेश तारक 8वीं, अनुशासन मंत्री रेशमा तारक 8वीं, सांस्कृतिक मंत्री सानिया सोनवानी, पर्यावरण मंत्री साक्षी साहू, क्रीडा मंत्री राकेश यादव, सुरक्षा मंत्री हीरा यादव, गुप्तचर मंत्री नोहर नागरची 8वीं वित्त मंत्री तुषार साहू, नेमन साहू, तेजराम कक्षा नायक 6वीं, प्रियंका यादव, वेद प्रकाश साहू, कक्षा नायक 7वीं, विकास साहू, दीक्षा यादव कक्षा नायक 8वीं मनोनित किए गए।

## बारूला विद्यालय में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम संपन्न

**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक शाला बारूला में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम 4.0 के तहत नव प्रवेशी बच्चों के स्वागत एवं विद्या प्रारंभ हेतु पढ़ई तिहार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पाठशाला के प्रधान अध्यापिका लता ध्रुव ने बताया कि अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत नामांकन व संकलन, शारीरिक व क्रियात्मक, विकास संतुलन बनाकर चलना, पेपर फोल्डिंग, बौद्धिक विकास, वर्ग पहचान, भाषा विकास, चित्र वाचन अक्षर, शब्द अनुच्छेद पढ़ना, चेहरे का भाव पहचानना, लिखना आदि बातें बच्चों को खेल–खेल में कैसे गुणवत्ता



पूर्व शिक्षा प्राप्त हो इसकी जानकारी दी गई। इस अवसर पर केसर साहू, रेखा साहू, अनुसुइया साहू, सीता पारधी, अनिता बांधे, प्रधान अध्यापिका लता धुरव, शिक्षिका मोती ध्रुव, हीरावन साहू, कमलकांत सेन, रितु ध्रुव व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बेलर में रथयात्रा महोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

रथयात्रा महोत्सव ग्राम बेलर में आज धूमधाम से मनाया जाएगा। रथयात्रा में पंडित त्रिभुवन महाराज के मार्गदर्शन निकाली जाएगी। यह महोत्सव ग्राम बेलर में विगत 50 वर्षों पहले बेलर में ग्राम पुरोहित रहे स्व .बालमुकुंद मिश्रा ने इसकी शुरुआत की इसके बाद उसके पुत्र स्व .भुषण प्रसाद मिश्रा ने किया। वर्तमान में उनके पौत्र



पंडित भगवताचार्य त्रिभुवन महाराज मिश्रा को सानिध्य में सम्पन्न हो रहे हैं। प्रतिवर्ष ग्रामवासी बेलर के द्वारा बेनी राम सिन्हा सिन्हा के निवास से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा की रथयात्रा ग्राम विकास समिति तत्वावधान में विधिवत पूजन के साथ पंडित त्रिभुवन महाराज के सानिध्य में बाजे गाजे के साथ ग्राम भ्रमण कराया जायेगा। इस अवसर पर विशेष प्रसादी गजा मुंग वितरण किया जाएगा। आस पास के ग्रामीण जन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा कि रथयात्रा में दर्शन करने पहुंचेंगे। और अपने जीवन धन्य मानते हैं। इस पुण्य कि प्राप्ति करने ग्राम बेलर के विकास समिति के द्वारा रथयात्रा महोत्सव में भाग लेने एवं रथ खिंच कर आपना सौभाग्य मानते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने तैयारी में अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, हेमू साहू, सरपंच टायल साहू, विष्णु साहू, बेनी राम, भजन सेन, ध्रुव सेन, रमणीक साहू, खोमन साहू, ग्राम के वरिष्ठ जन, युवा, महिला पुरुष शामिल होगें।

---

**विदाई सम्मान देने उमड़ पड़ा पूरा गांव**

# सेवानिवृत्त दो शिक्षकों को दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

शिक्षा जीवन पथ का दीपक कहा गया है, जिसे शिक्षक अपने अध्यापन काल में सार्थक करने का भरसक प्रयास करता है। चाहे वह अपने शिक्षकीय गुण स्वभाव आचार विचार या नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए उल्लेखनीय कार्य को सफल बनाता है। बात और काम जैसा भी हो हम बताना चाहेंगे कि ऐसा उक्ति और सदवाक्य को निभाने में कोई कसर नहीं छोडे हैं ग्राम फुलझर घटारानी के दो शिक्षक समर्पण भाव, कर्तव्यपरायण और निष्ठावान शिक्षक थे। जिनके अध्यापन शैली व्यवहार संस्कार कार्य कुशलता प्रयास इतना सराहनीय रहा है जिसका प्रभाव गांव में आज देखने को मिली। जहां ग्रामीणों ने अपने इन शिक्षकों के किए गये कार्यो को उस क्षण को याद कर मंच में ताजा व शेयर करते हुए भावभीनी विदाई सम्मान देने पूरा गांव उमड पड़ा।

उल्लेखनीय है कि सेवा निवृत वरिष्ठ शिक्षक निवासी ग्राम बिडोरा फिंगेश्वर प्रदीप यदु प्राथमिक शाला फूलझर में सहायक शिक्षक के रुप में वर्ष 1987 में नियुक्त होकर कुशलता पूर्वक अध्यापन कराने के फलस्वरुप वर्ष 2009 में पदोन्नत होकर उच्च श्रेणी के शिक्षक के रूप में फूलझर के ही माध्यमिक शाला में बच्चों को हिन्दी , संस्कृत, सामाजिक विज्ञान विषयों को पढ़ाया और अपने मृदुभाषी व्यवहार कुशलता से सबको प्रभावित किया। वहीं ग्राम परसट्ठी फिंगेश्वर निवासी वरिष्ठ



शिक्षक मूलचंद साहू वर्ष 2009 से 30 जून 2024 तक अपनी पूरी दक्षता के साथ संस्कृत, सामाजिक पर्यावरण विषयों सहित बच्चों को व्यायाम योग अनुशासन सिखाने उनका महत्ती योगदान रहा। शिक्षकों का बिदाई सम्मान ग्रामवासी और शाला विकास एंव प्रबंधन समिति और शिक्षक स्टाफ द्वारा शुक्रवार को संयुक्त रुप से किया गया। जिसमें ग्राम के बच्चे, युवा, वरिष्ठ जन, महिला, पूर्व छात्र सभी वर्ग शामिल होकर विदाई दी। इस अवसर पर सरपंच सुनिती बाई ध्रुव, प्रधान पाठक सुखदेव निषाद , हरिराम नागरची, संकुल प्रभारी कर्ण सिंह कमार, शिक्षक तेज राम साहू, सुनील सिन्हा, टुकेश्वर साहू, एवन कुमार साहू, कुमार पारा प्रधान पाठक निर्मलकर मेडम, यशवंत निर्मलकर, खिलावन साहू, फिंगेश्वर साहू, जीवन साहू, राजकुमार विश्वकर्मा, राकेश ध्रुव, दुलसिया ध्रुव, दीपा दीवान, देवकी बाई गोस्वामी, कलिन्द्री ध्रुव, अध्यक्ष रोहित यादव, शिक्षाविद प्रमुख गौकरण मानिकपुरी, यश कुमार साहू, उपसरपंच खेमू राम ध्रुव, ग्राम पटेल तारण सिंह ध्रुव उपस्थित थे।

## अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वावधान में पौधारोपण



**नवापारा-राजिम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव, महामंत्री संजय श्रीवास्तव की मौजूदगी में पौधारोपण किया गया। ये कार्यक्रम अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वावधान में हुआ। जिसमें प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद, उपाध्यक्ष यासमीन , जिला अध्यक्ष गगनदीप सिंह, जिला अध्यक्ष ग्रामीण दलजीत चावला, जिला महामंत्री ग्रामीण रेशमजीत सिंह हुंदल शामिल थे।

**खबर संक्षेप**

### एसडीएम ने कोपरा सरपंच को किया बर्खास्त

**कोपरा।** नगर पंचायत का दर्जा मिलने के पूर्व ग्राम पंचायत कोपरा में आर्थिक अनियमितता व भ्रष्टाचार की शिकायत सही पाए जाने पर राजिम अनुविभागीय अधिकारी द्वारा कोपरा के कार्यवाहक सरपंच योगेश्वरी साहू को सरपंच पद से बर्खास्त करने की कार्रवाई करते हुए उन्हें 6 साल तक कोई भी चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया हैं। बता दे कि इससे पहले नगर पंचायत बनने के पूर्व ग्राम पंचायत कोपरा में पंचायत सचिव के रूप में पदस्थ किसन साहू को वित्तीय अनियमितता, पंचायत के ऑडिट में गड़बड़ी, शासकीय कार्यो में अरूचि, पद का दुरूपयोग, शासकीय दस्तावेजों में कूटरचना सहित राष्ट्रीय कार्यक्रम जल जीवन मिशन को गंभीरतापूर्वक संचालित नहीं करने एवं दायित्वों के विपरित पंच को पद से हटाने के मामले में पहले ही बर्खास्त कर दिया गया है। इसके पूर्व भी सरपंच डॉ डॉली साहू को पद से बर्खास्त करने का आदेश पारित किया गया था। उक्त प्रकरण अंतर्गत कोपरा के सरपंच-सचिव द्वारा 15वें वित्त मद से बिना स्वीकृति राशि आहरण करने पर कुल 69 लाख 52 हजार 278 रूपये की वसूली भी किए जाने की आदेश जारी किया जा चुका हैं। इसमें से सरपंच योगेश्वरी साहू से 34 लाख 76 हजार 139 रूपये एवं सचिव किशन लाल साहू से 34 लाख 76 हजार 139 रुपये की वसूली की जायेगी।

### बस स्टैंड निर्माण के लिए भूमिपूजन

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव अध्यक्ष राकेश चंद्राकर व उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी व समस्त जनप्रतिनिधियों के प्रयास से नगर में लगातार विकास के अनेक कार्य कराए जा रहे है। इसी कड़ी में सुविधायुक्त बस स्टैंड निर्माण के लिए भूमिपूजन सभापति पार्षद धर्मेंद्र यादव ने पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर किया। अब नगर के भोरिंग चौक में शानदार बस स्टैंड का निर्माण किया जाएगा। जिससे नगरवासियों को आने जाने में सुविधा मिल पाएगी।

### गंगा स्कूल में मनाई गई मुखर्जी की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। जिसमें शिक्षक लता चंद्राकर, हर्षा यादव, नीलम कोसरे, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती को भारत देश में 6 जुलाई को मनाई जाती है। मुखर्जी ने भारत देश के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### आज निकाली जाएगी रथयात्रा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में 7 जुलाई को दोपहर 2 बजे से प्रभु जगन्नाथ भगवान की रथयात्रा राम जानकी मंदिर महासमुंद से बड़ी धूमधाम से निकाली जाएगी। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने सभी लोगों को रथयात्रा में सम्मिलित होकर प्रभु जगन्नाथ भगवान के दर्शन प्राप्त कर पुण्य लाभ अर्जित करने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

**प्रवेशोत्सव : सिंधौरी एवं बरोंडा स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव**

# रोज स्कूल आएं, पढ़ाई ऐसी करें कि टॉप टेन में नाम दर्ज हो : चंद्रशेखर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम





राजिम के बरोंडा शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं सिंधौरी के शासकीय प्राथमिक शाला में प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमें जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साहू ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी बराबर भाग लें, अच्छे से पढ़ाई करें और अपने इस स्कूल के साथ ही परिवार व गांव का नाम भी रौशन करें। कहा कि ध्यान लगाकर पढ़ाई करें ताकि मेरिट की टॉप टेन सूची में आए और इस संस्था को गौरवान्वित करें। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मौजूद जनपद सभापति सुगंधित धृतलहरे ने कहा कि प्रवेश उत्सव मनाने का मुख्य उद्देश्य हमारे नए विद्यार्थी प्रवेश लिए है उनका उत्साहवर्धन करना है वहीं जो छात्र-छात्राएं प्रवेश नहीं ले पाए उनके मन में शिक्षा के प्रति जागृति लाना है। भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई पीढ़ी युवा शक्ति को जितना ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करेंगे उतना ही तेजी से विकसित छत्तीसगढ़, विकसित भारत की परिकल्पना साकार हो पाएगी। सरकार बहुत सारी योजनाएं शिक्षा के क्षेत्र में चला रही है। कार्यक्रम को सरपंच दानेंद्र सेन, संस्था के अध्यक्ष भारत सिन्हा, प्राचार्य ललिता अग्रवाल ने संबोधित किया। इस अवसर पर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कृष्णा साहू, भारत निर्मलकर, पूर्व सरपंच डोमार ध्रुव, हेमलाल चक्रधारी,छत्रपाल साहू, नंदनी साहू, कृष्णा साहू, एवेंजर ग्रुप के अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व छात्र-छात्राएं मौजूद थे। प्रारंभ में सरपंच सहित ग्रामवासियों ने जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू का गुलाल लगाकर फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।

#### छात्राओं को दी गई साईकिल

बरोंडा स्कूल में जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने छात्राओं को सायकिल का वितरण किया। सायकल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल गए। इस अवसर पर श्री साहू ने प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत परिसर में पौधारोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिया।

## विधायक साहू ने न्योता भोज में खिलाया दाल-भात और खीर



**राजिम।** शहर के शासकीय राम बिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल में विधायक रोहित साहू ने न्योता भोज दिया। न्योता भोज में विद्यार्थियों ने बड़े चाव के साथ दाल भात एवं स्वादिष्ट खीर, पुड़ी-छोले का आनंद लिया। हालांकि अपने द्वारा दिए गए न्योता भोज में स्वयं विधायक रोहित साहू व्यस्तता की वजह से समय पर नहीं पहुंच पाए उनकी अनुपस्थिति में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, कार्यक्रम की अध्यक्षता जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष सुजाता शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष प्रतिनिधि वरिष्ठ भाजपा नेता जितेन्द्र सोनकर, खुशी साहू, सुभाष शर्मा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, विवेक शर्मा व्याख्याता कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मधु नत्थानी शामिल हुए। इन्होंने अपने हाथों से भोजन परोसा और उनके साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम में सेजेस राजिम व संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों के नवनिहाल नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर प्रवेश उत्सव कराया गया और गणवेश एवं पुस्तकें प्रदान किया। शहर के डॉक्टर राजेन्द्र गुप्ता ने प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सेजेस राजिम के 13 निर्धन विद्यार्थियों को अपने परिवार की ओर से स्कूल बैग, पेन, कापी, पुस्तक प्रदान किया। कक्षा नवमीं की 43 छात्राओं को साइकिल दिया गया। संचालन नारायण साहू एवं साक्षी चंद्राकर ने किया। इस दौरान बीएल ध्रुव, एमएल सेन, एमके चंदन, विक्रम ठाकुर, संतोष सूर्यवंशी, कमल सोनकर, समीक्षा गायकवाड़, गोपाल देवांगन, मधु गुप्ता, शिखा महाड़िक, अंजू मार्कण्डेय, अंगेश गंगेले, कैलाश साहू, नीता यादव, सरिता साहू, पिंकी तारक, प्रणीति चन्द्राकर, साक्षी जपे, नेहा सिंह, जितेन्द्र साहू, जमील अहमद, उपासना भगत, नरेंद्र देवांगन, जितेन्द्र साहू, राजेन्द्र कोसले, लच्छेन्द्र साहू, योगेश्वर ध्रुव सलमा कौसर, गायत्री पवार मौजूद थे। स्काउट गाइड प्रभारी जितेन्द्र साहू एवं बच्चों ने पौधारोपण भी किया।

## हरदी विद्यालय में किया गया पौधारोपण



**छुरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरदी में बस्ता विहीन विद्यालय के तहत शाला प्रांगण में समस्त शिक्षक -शिक्षिकाओं एवं सभी छात्र -छात्राओं के द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर फलदार, छायादार, फूल, सब्जी, सजावटी आदि अनेकों पौधों का रोपण किया गया। जिसमें संस्था से प्रधान पाठक सुखेश्वर राम पंकज, शांति प्रभा मिंज, रूपसिंह ध्रुव, सुदामा प्रसाद लोधी, शिवशंकर यादव, मृत्यु गोवर्धन यादव एवं सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पाटसिवनी हाई स्कूल के अध्यक्ष सुरेश मनोनीत



**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** पाटसिवनी के सुरेश निर्मलकर को प्रभारी मंत्री द्वारा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पाटसिवनी के अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। निर्मलकर ने अपने वाचन में कहा कि मुझे शाला विकास समिति के अध्यक्ष पद पर मनोनीत करने का श्रेय प्रदेश सरकार और जिला प्रभारी मंत्री एवं विधायक श्री रोहित साहू जिला अध्यक्ष श्री राजेश साहू, मंडल अध्यक्ष पीलू राम यादव का मैं आभार व्यक्त करता हूं। अध्यक्ष बनाए जाने पर नरेश दीवान, ओंकार दीवान, आनंद राजपूत, नेतराम साहू, देवशरण साहू, डायमंड साहू, लखन दीवान, नंदू दीवान, चैतराम मांडले, गणेश राजपूत आदि ने खुशी जाहिर कर शुभकामनाएं दी।

## सहकारी समिति सदस्यों ने पौधारोपण किया

**मुड़ागांव(कोरासी)।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रानीपरतेवा पंजियन क्रमांक 1515 के प्रांगण में समिति के द्वारा छायादार पौधारोपण किया गया। जिसमें उपस्थित समिति प्रबंधक कुलेश्वर सहानी, ईश्वर दयाल यदू, कम्प्यूटर ऑपरेटर रवि कुमार साहू, विक्रेता तामसिंह शाण्डिल, दिलेश निषाद, भोला दीवान, ईश्वर मरकाम, त्रिलोक दीवान एवं ग्रामवासी अमृत बाई दीवान, कृष्णु दीवान, हरखराम, लोगेश, चेतन राम, उदेराम, गंगाराम आदि उपस्थित रहे।



## शिक्षा से गांव, समाज व राष्ट्र की उन्नति संभव : इंद्रकुमार

**नवापारा-राजिम।** ग्राम परसदा के संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक इंद्र कुमार साहू ने कहा कि कोई भी विद्यार्थी शिक्षा से वंचित न हो। जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षा से गांव, समाज एवं राष्ट्र का उन्नति संभव है अतएव अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अपने गांव, परिवार एवं शाला का नाम रोशन करें। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों एवं ग्रामीणो से कहा कि कम से कम एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाए। शाला परिसर में उन्होने पौधारोपण किया। छात्र-छात्राओं को गणवेश एवं पुस्तक वितरण किया। प्रारंभ में विधायक श्री साहू ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेश कराया। उल्लेखनीय है कि इस गांव से फुड इंस्पेक्टर बने सचिन धृतलहरे का मंच में सम्मान भी किया। कार्यक्रम में सरपंच महेश्वरी-तिलक साहू, मण्डल अध्यक्ष उमेश यादव, रुपेन्द्र चंद्राकर, मनीष देवांगन, मुकेश ढीढी, जगदीश साहू, गोपाल साहू, रामखिलावन साहू, मोहन साहू, रामजी खिलवारे, वीरेंद्र खुटियारे, प्रेम खुटियारे, संत बारले, धरम महिलांग, रामकुमार हिरवानी, टिकेश्वर यादव, द्वारिका हिरवानी, मनी ध्रुव, राजेश साहू, विजय साहू, भानु साहू, भूषण वर्मा, गैंद राम वर्मा, इंद्रजीत भारती कल्पना वर्मा, विनोद सेन सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

- संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम




## भाजपाइयों ने मनाई श्यामा प्रसाद जयंती, किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



भाजपा मंडल गोहरापदर में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जन्मजयंती मनाई गई। तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया एवं तालाब के मेंढ़ में पीपल, नीम, आम इत्यादि छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण कर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। मंडल के विभिन्न बूथों में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी ने कहा कि पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार संपूर्ण राष्ट्र और आज के युवा समाज के लिए अनुकरणीय है आज के समय में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की दूरदर्शी विचारों से भारत विश्व गुरु बनने के लिए अग्रसर है। पंडित जी के विचारों से राष्ट्रवाद की भावना जागृत होती हैं। गोहरापदर भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने कहा कि पंडित श्यामा प्रसाद मुखजएँ जनसंघ के संस्थापक चिंतक प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान त्याग तपस्या राष्ट्र के लिए उनका योगदान को अवगत कराया एवं आगे कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार थे वह राष्ट्रीय एकता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता रखकर आजीवन राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहे, अपना सम्पूर्ण जीवन देश को समर्पित किया था इसी कारण आज भी हम डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए जयंती मनाते हैं, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री पुनीतराम सिन्हा, महामंत्री तानसिंह मांझी, डमरूधर यादव, माणिकचंद साहू, रंजीत पात्र, अरविंद नाथ तिवारी, मानस वैष्णव, नरसिंग यादव, लुदर पुजारी, देवीसिंह नेताम, निर्मल मिस्त्री, खगेश्वर यादव, पदुराम यादव, प्रकाश कश्यप, तुकाराम, गणेश सिन्हा सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने राज्यपाल से मुलाकात करेंगे

**नवापारा-राजिम।** नवापारा के मुस्लिम समाज के सदर अल्तमश सिद्धीकी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में मुस्लिम समाज की पहली महासभा में पूरे प्रदेश से मस्जिदों के मुतवल्ली, अंजुमन कमेटियों के अध्यक्ष, दरगाह कमेटियों के अध्यक्ष को शामिल किया गया जिसमें एक साथ प्रदेश के मुस्लिम लामबंद हुए। बताया कि इस दौरान अपने समाज के साथ हो रही ज्यादतियों के लिए एक साथ खड़े होने व छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से घट रही घटनाओं पर मंथन किया गया। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में हुई /"महासभा/" में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिसमें गौ तस्करी पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने व तस्करी करने वाले गिरोह के ऊपर सख्त कार्यवाही करने का विषय शामिल था। विज्ञप्ति में कहा गया कि आरंग में घटी घटना जिसमें 3 बेगुनाह मुस्लिम युवकों की गौ तस्करी के नाम पर बेरहमी से पीट-पीट कर नदी में फेंक कर मार दिया गया। इस घटना में शामिल आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी न होने से समाज में जमकर नाराजगी है। समाज के अध्यक्ष अल्तमश सिद्धीकी ने कहा कि सांसद बृजमोहन अग्रवाल से निवेदन करते हैं कि सांसद और रायपुर जिले के सभी विधायक मुस्लिम समाज के साथ राजभवन चलें जहां राज्यपाल को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने व बीफ का एक्सपोर्ट बंद कर सभी एक्सपोर्ट करने वाली कम्पनियों को बन्द कराने ज्ञापन सौपेंगे। कहा कि आरंग हत्याकांड से पूरे प्रदेश का मुस्लिम समाज आहत है। अपराधियों को उनके किए की सजा दिलवाए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि नवापारा नगर पालिका द्वारा रोड पर खुले में घूमने वाली गायों का स्थाई इंतजाम जल्द से जल्द करें जिससे दुर्घटना न हो।




**मैनपुर में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत सम्पूर्णता अभियान का हुआ शुभारंभ**

## स्वास्थ्य, पोषण व सामाजिक विकास के लिए समन्वय के साथ करें कार्य : ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत देश के 500 ब्लॉकों में सम्पूर्णता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जिले के 2 विकासखंड गरियाबंद और मैनपुर का चयन हुआ है। इसी तारतम्य में बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने शनिवार को मैनपुर ब्लॉक में संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया। सामुदायिक भवन मैनपुर में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक अग्रवाल, एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम, जनपद अध्यक्ष नूरमती मांझी, प्रदेश क्रांग्रेस प्रतिनिधि हेमसिंह नेगी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, गेंदु यादव सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, एएनएम, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में आमजन शामिल हुए। संपूर्णता अभियान के शुभारंभ अवसर पर विधायक श्री ध्रुव ने कहा कि नीति आयोग द्वारा पिछड़े ब्लॉकों के विकास के लिए आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उसी के तहत आकांक्षी ब्लॉक में लोगों के सम्पूर्ण विकास के लिए संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 6 इंडिकेटर निर्धारित किए गए है। जिसे 30 सितंबर तक पूर्ण करने का कार्य योजना बनाया गया है। इसके तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में लोगों को शत प्रतिशत लाभान्वित करना है। कार्यक्रम में 5 किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड एवं 21 स्व सहायता समूहों को 15 हजार रुपए की दर से कुल 3 लाख 15 हजार रुपए का रिवॉल्विंग फंड चेक राशि प्रदान किया गया। इस दौरान सीईओ जनपद मैनपुर अंजली खलखो, डीपीओ महिला एवं बाल विकास अशोक पांडे, उप संचालक कृषि चंदन रॉय, डीके शाडिल्य, नागवंशी, डॉक्टर गजेन्द्र ध्रुव, भावेश शाडिल्य, राजकुमार ध्रुर्वा, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिकगण मौजूद रहे।



#### लोगों को शत प्रतिशत लाभान्वित किया जायेगा

इस अवसर पर कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने कहा कि आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के तहत विभिन्न हितकारी कार्यों के सम्पूर्ण विकास के लिए संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत तय 6 मानकों को विभिन्न विभागों के माध्यम से आगामी 3 माह के भीतर शत प्रतिशत कार्य कराया जायेगा। लोगों के विकास के लिए सभी अधिकारी–कर्मचारी, शिक्षक, चिकित्सक,महिला बाल विकास विभाग के सुपरवाईजर, एएनएम, मितानिन, महिला समूह, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित अन्य लोग सहयोग से कार्य करेंगे। गांवों में कैम्प लगाकर पात्रता अनुसार लोगों को शत प्रतिशत लाभान्वित किया जायेगा। इसके अलावा किये गये कार्यों एवं लाभान्वितों की शत प्रतिशत जानकारी अपलोड की जायेगी। संपूर्णता अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा पहली तिमाही के भीतर प्रसवपूर्व देखभाल, ब्लाक में लक्षित जनसंख्या के आधार पर बीपी, शुगर की जांच, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराने, कृषि विभाग द्वार फसल पैदावार को बढ़ावा देने के लिए किसानों के खेतों के मिट्टी की जांच एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा महिला स्वसहायता समूह को रोजगार एवं स्वरोजगार करने के लिए चक्रिय निधि की राशि उपलब्ध कराया जायेगा।